# सत्र-2021-2022

# पाठ्यक्रम (अनुपूरक परीक्षा)

**कक्षा-दसवीं** **पूर्णांक-78+2(सुंदर लिखाई)=80**

**विषय-हिंदी**

**भाग-क- व्यावहारिक व्याकरण (बहूवैकल्पिक प्रश्न)**

संधि (स्वर संधि) , समास (तत्पुरुष व कर्मधारय समास) , भाववाचक संज्ञा निर्माण, विशेषण निर्माण, पर्यायवाची शब्द, समरूपी भिन्नार्थक शब्द, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, विलोम शब्द, अनेकार्थक शब्द और वाक्य शुद्धि।

**भाग-ख अपठित गद्यांश (बहूवैकल्पिक प्रश्न)**

**भाग-ग पाठ्य-पुस्तक (हिंदी पुस्तक-10) (बहुवैकल्पिक प्रश्न)**

पाठ्य-पुस्तक में **कविता** (पाठ-1 दोहावली, पाठ-2 पदावली,पाठ-3 नीति के दोहे), **कहानी** (पाठ-7 ममता, पाठ-8 अशिक्षित का हृदय, पाठ-10 नर्स) **निबन्ध** ( पाठ- 12 मित्रता, पाठ-13 मैं और मेरा देश, पाठ- 14 राजेन्द्र बाबू ) एवं **एकांकी** ( पाठ- 18 सूखी डाली) के अभ्यासों के भाग-'क' विषय बोध के अन्तर्गत केवल भाग I' में दिए गए अति लघूत्तर प्रश्न ।

**भाग-घ : मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ (बहुवैकल्पिक प्रश्न)**

**भाग-ङ पाठ्य-पुस्तक (हिंदी पुस्तक-10)**

(i) : **पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या : कविता** ( पाठ- 4 हम राज्य लिए मरते हैं, पाठ-5 गाता खग, पाठ-6 जड़ की मुसकान) अभ्यासों के भाग-'क' विषय बोध के अन्तर्गत केवल भाग II' में से )

(ii) : **लघूत्तर प्रश्न (केवल गदय भाग)** **कहानी** (पाठ-9 दो कलाकार, पाठ-11 ( i) माँ का कमरा (ii) अहसास, **निबन्ध** ( पाठ-15 सदाचार का तावीज़, पाठ-16 ठेले पर हिमालय, पाठ-17 श्री गुरु नानक देव ) एवं **एकांकी** ( पाठ- 19 देश के दुश्मन ) के अभ्यासों के भाग-'क' विषय बोध के अन्तर्गत केवल भाग II' ( तीन या चार पंक्तियों में उत्तर देने वाले प्रश्न ) में दिए गए प्रश्न।

(iii) : **निबंधात्मक प्रश्न (केवल गद्य भाग)**

**कहानी** (पाठ-9 दो कलाकार, **निबन्ध** ( पाठ- 15 सदाचार का तावीज़, पाठ-16 ठेले पर हिमालय, पाठ-17 श्री गुरु नानक देव ) एवं **एकांकी** ( पाठ- 19 देश के दुश्मन ) के भाग III' ( छह या सात पंक्तियों में उत्तर देने वाले प्रश्न) में दिए गए प्रश्न।

Surabhi
23/06/2022

**भाग-च रचनात्मक लेखन**

(i) : पत्र : औपचारिक पत्र (केवल आवेदन पत्र तथा संपादक के नाम पत्र)

(ii) : अनुच्छेद लेखन

**भाग-छ अनुवाद-** (पंजाबी गद्यांश का हिंदी में अनुवाद)

**भाग-ज : विज्ञापन, सूचना एवं प्रतिवेदन**-विज्ञापन, सूचना एवं प्रतिवेदन से सम्बन्धित प्रश्न

**भाग-झ प्रपत्र-पूर्ति-** (बैंक, डाकघर और रेलवे से सम्बन्धित)

**पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित पाठ्य-पुस्तकें**

**1. हिंदी-पुस्तक-10**

**2. हिंदी व्याकरण और मानक रचना विधि (दसवीं श्रेणी के लिए)**

Surekha 23/06/2021

# प्रश्न-पत्र की रूपरेखा

**(i)** कुल दस प्रश्न होंगे ।

**(ii)** सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

**(iii)** 2 अंक सुंदर लिखाई के लिए निर्धारित किए गए हैं । अक्षरों व शब्दों के सामान्य आकार,अक्षरों की स्पष्टता,अक्षरों व शब्दों के बीच की निश्चित दूरी, लिखने में एकसारता व प्रवाहयुक्त लेखन आदि के आधार पर अध्यापक परीक्षार्थी की लिखाई का मूल्यांकन करेगा।

भाग-क : व्यावहारिक व्याकरण **(बहुवैकल्पिक प्रश्न)** (20)

**नोट: प्रश्न 'I' में कुल 40 बहुवैकल्पिक प्रश्न होंगे । प्रत्येक प्रश्न में उत्तरों के चार विकल्प दिए जाएंगे, जिनमें से सही का उत्तर देना होगा ।**

प्रश्न-I.1-20 में संधि (स्वर संधि) , समास (तत्पुरुष व कर्मधारय समास) , भाववाचक संज्ञा निर्माण, विशेषण निर्माण, पर्यायवाची शब्द, समरूपी भिन्नार्थक शब्द, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, विलोम शब्द, अनेकार्थक शब्द और वाक्य शुद्धि से सम्बन्धित व्यावहारिक व्याकरण में से 20 बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे जाएँगे। 20×1=20

**भाग-ख** अपठित गद्यांश **(बहुवैकल्पिक प्रश्न)** (5)

प्रश्न-I.21-25 में अपठित गद्यांश से सम्बन्धित पाँच बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रश्न नंबर 21-23 के उत्तर गद्यांश में से ढूँढ़ने से सम्बन्धित होंगे तथा प्रश्न नंबर 24 गद्यांश में से कठिन शब्दों के अर्थ से तथा 25वाँ प्रश्न गद्यांश के शीर्षक/केन्द्रीय भाग से सम्बन्धित होगा। 5×1=5

**भाग-ग पाठ्य-पुस्तक (बहुवैकल्पिक प्रश्न) (10)**

प्रश्न-I.26-35 में पाठ्य-पुस्तक में **कविता** (पाठ-1 दोहावली, पाठ-2 पदावली,पाठ-3 नीति के दोहे)' **कहानी** (पाठ-7 ममता, पाठ-8 अशिक्षित का हृदय, पाठ-10 नर्स) **निबन्ध** (पाठ- 12 मित्रता, पाठ- 13 मैं और मेरा देश, पाठ-14 राजेन्द्र बाबू) एवं **एकांकी** ( पाठ- 18 सूखी डाली) के अभ्यासों के भाग-'क' विषय बोध के अन्तर्गत केवल 'भाग 1' में दिए गए प्रश्नों में से दस प्रश्न (बहुवैकल्पिक) पूछे जाएँगे । 10×1=10

Sujata 28/06/2022

**भाग-घ मुहावरे व लोकोक्तियाँ (बहुवैकल्पिक प्रश्न)** **(5)**

प्रश्न-I.36-40 में मुहावरे व लोकोक्तियों से सम्बन्धित पाँच बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे जाएँगे। 5×1=5

**भाग-ङ** **पाठ्य- पुस्तक** **(15)**

**प्रश्न-II.** में पाठ्य- पुस्तक में से **कविता (पाठ- 4 हम राज्य लिए मरते हैं,पाठ-5 गाता खग, पाठ -6 जड़ की मुसकान)** के अभ्यासों के भाग-'क' विषय बोध के अन्तर्गत **केवल भाग II' में से** कोई दो पद्यांश दिए जाएँगे,जिनमें से एक की सप्रसंग व्याख्या करने के लिए कहा जाएगा। 1+4=5

**प्रश्न-III.** पाठ्य-पुस्तक में **कहानी ( पाठ-9 दो कलाकार, पाठ-11 (i) माँ का कमरा (ii) अहसास, निबन्ध (पाठ- 15 सदाचार का तावीज़, पाठ-16 ठेले पर हिमालय, पाठ-17 श्री गुरु नानक देव** एवं **एकांकी (पाठ- 19 देश के दुश्मन)** के अभ्यासों के भाग-'क' विषय बोध के अन्तर्गत **केवल भाग 2'** में दिए गए प्रश्नों (तीन या चार पंक्तियों में उत्तर देने वाले प्रश्न) में से तीन लघूत्तर प्रश्न पूछे जाएँगे, जिनमें से 2 के उत्तर देने होंगे। 2×2=4

**प्रश्न-IV.**पाठ्य-पुस्तक में **कहानी ( पाठ-9 दो कलाकार, निबन्ध (पाठ-15 सदाचार का तावीज़, पाठ-16 ठेले पर हिमालय, पाठ-17 श्री गुरु नानक देव** एवं **एकांकी (पाठ- 19 देश के दुश्मन)** के अभ्यासों के भाग-'क' विषय बोध के अन्तर्गत **केवल भाग 3'** में दिए गए प्रश्नों ( छह या सात पंक्तियों में उत्तर देने वाले प्रश्न) में से तीन निबंधात्मक प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें से 2 के उत्तर देने होंगे। 2×3=6

**भाग-च** **रचनात्मक लेखन** **(10)**

**प्रश्न-V.** पत्र लेखन में 100 प्रतिशत आंतरिक विकल्प दिया जाएगा। 1×5=5

**प्रश्न-VI.** इसमें कोई तीन विषय देकर उनमें से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखने के लिए कहा जाएगा । 1×5=5

Surabhi 26/03/2022

भाग-छ अनुवाद (पंजाबी गद्यांश का हिंदी में अनुवाद) (4)

**प्रश्न-VII.** इस प्रश्न में पंजाबी का लगभग 20-25 शब्दों का एक गद्यांश देकर उसका हिन्दी में अनुवाद करने के लिए कहा जाएगा। 4

भाग-ज विज्ञापन, सूचना एवं प्रतिवेदन (4)

**प्रश्न-VIII.** विज्ञापन, सूचना और प्रतिवेदन तीनों में से किन्हीं दो में से प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें से एक का उत्तर लिखने के लिए कहा जाएगा। 1×4=4

**भाग- झ** **प्रपत्र-पूर्ति (बैंक, डाकघर और रेलवे से सम्बन्धित)** **5**

**प्रश्न-IX.** डाकघर, बैंक व रेलवे तीनों में से किन्हीं दो से सम्बन्धित प्रपत्र देकर उनमें से किसी एक प्रपत्र की पूर्ति करने के लिए कहा जाएगा। प्रपत्र की रूपरेखा प्रश्न पत्र में ही दी जाएगी। 5×1=5

**विशेष कथन :** प्रश्न पत्र निर्माता किसी भी प्रपत्र में पाँच स्थानों की पूर्ति करने को दे। प्रत्येक पूर्ति के लिए 1 अंक निर्धारित है।

सुंदर लिखाई (2)

प्रश्न-X. 2 अंक सुंदर लिखाई के लिए निर्धारित किए गए हैं। 2

***नोट :*** *पाठ्य पुस्तक ( हिंदी पुस्तक-10 ) के अभ्यासों को निम्नलिखित शीर्षकों से प्रस्तुत किया गया है -*

*1. विषय बोध 2 भाषा बोध 3.रचनात्मक अभिव्यक्ति 4.पाठ्येतर सक्रियता 5. ज्ञान विस्तार । परीक्षा में केवल विषय बोध व भाषा बोध से सम्बन्धित प्रश्न ही पूछे जाएंगे । रचनात्मक अभिव्यक्ति, पाठ्येतर सक्रियता व ज्ञान विस्तार का उपयोग विद्यार्थी की प्रतिभा निखार हेतु आंतरिक मूल्यांकन के अंतर्गत किया जाए।*

---

Sureshi
26/03/2022